### एक नजर में




**सीमा पर तैनात फौजी भाइयों के लिए भेजी राखी**

**नवभारत आष्टा.** इनरव्हील क्लब द्वारा रक्षाबंधन पर्व मना कर सैनिकों का सम्मान किया. इस मौके पर इनरव्हील क्लब अध्यक्ष संगीता सोनी ने कहा कि आज इनरव्हील क्लब की ओर से हम सभी के लिए यह एक अत्यंत भावनात्मक और गर्व का क्षण है. इस वर्ष हमारा क्लब न केवल अपने शहर में सैनिक भाइयों के साथ रक्षाबंधन मना रहा है, बल्कि हम अपनी बहनों की भावना और प्रेम को सीमाओं तक भी भेज रहे हैं. हर राखी में न केवल धागा है, बल्कि हमारे दिल की दुआएं सम्मान और कृतज्ञता भी बंधी हुई हैं. इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की दीपिका सोनी, सुनीता सोनी, श्रद्धा पालीवाल, अर्चना सोनी, जयश्री शर्मा, हेमलता सोनी, सरोज पालीवाल, सुधा सेठिया, विद्या खंडेलवाल, गीता सोलंकी, रीना शर्मा, जया वोहरा, आशा सोनी, जुली वैष्णव, आरती शर्मा, सुनीता नागर, मंदाकिनी कासलीवाल उपस्थित थीं.




**सेवानिवृत्तों को चक्कर लगाए बिना मिले स्वत्वों के लाभ: सिंह**

**नवभारत सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लंबित पेशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने कहा कि कार्यालय प्रमुख और डीडीओ की उदासीनता एवं स्थापना शाखा प्रभारी कर्मचारी की लापरवाही के कारण सेवानिवृत्ति के उपरांत शासकीय सेवकों को पेंशन और अन्य स्वत्वों के भुगतान लंबित पड़े रहते हैं. अपर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी डीडीओ लंबित सभी पेंशन प्रकरणों को शीघ्र जिला पेंशन कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें. आगामी 06 माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के प्रकरण भी अभी से तैयार करा लें और चेक लिस्ट के अनुसार जहां कहीं भी कमी है, उसे अभी ठीक करा लें. उन्होंने बैठक में विभिन्न विभागों के एक-एक लंबित पेंशन प्रकरणों की गहन समीक्षा की.



**चौरसिया समाज ने मनाया नागपंचमी उत्सव**

**नवभारत सीहोर.** चौरसिया समाज द्वारा नाग पंचमी उत्सव एवं चौरसिया दिवस धूमधाम से उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन चौरसिया एवं मुख्य अतिथि पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा की गई. विशेष अतिथि गौरव चौरसिया राष्ट्रीय अध्यक्ष चौरसिया महासभा दिल्ली उपस्थित हुए. पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा आशीष वचन में चौरसिया समाज की उत्पत्ति का वर्णन किया और बताया गया. अग्रवाल समाज के आप मामा लगते हैं. समाज में प्रतिभा की कोई नहीं है आपने बताया प्रतिष्ठित बड़े-बड़े गुटके के व्यापारी चौरसिया बंधु है पर आज आवश्यकता है समाज को एकजुटता में लाने की. इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया द्वारा सभी सामाजिक युवाओं को समाज के हित के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी.




**प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया पौधरोपण**

**नवभारत सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा जिला न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया गया. इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश संजय गोयल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, चंदर सिंह भिलाला, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, शरद जोशी, जीशान खान, राजेन्द्र कुशवाह, आसिफ खान, अमन कुलश्रेष्ठ, एकता सेन, संयोगिता सोलंकी एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स ने पौधरोपण किया.



**प्रशासन करा रहा जर्जर मकानों को खाली**

**नवभारत सीहोर.** कलेक्टर के निर्देशानुसार नपा द्वारा नगर के जर्जर मकानों की पहचान कर उन्हें खाली कराया जा रहा है. अधिकारियों द्वारा उन सभी भवनों को खाली कराया जा रहा है जो आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित हैं और जिनके बारिश के दौरान गिरने की आशंका से जान-माल को खतरा हो सकता है. कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा है कि समय रहते जर्जर भवनों को खाली कराने और सुरक्षित स्थानों पर लोगों को भेजने की व्यवस्था की जाए.

# बारिश तो थमी पर लगातार बढ़ रहा जलस्तर

## नर्मदा नदी पर बना नांदनेर का पुल डूबने से माखननगर से सड़क संपर्क टूटा, शाहगंज में भी कई रास्ते बंद

- मंगलवार से जारी मूसलाधार बारिश से उफने नदी- नाले
- तवा के गेट बंद, बरगी और बारना डेम के गेट खुले हैं

नवभारत न्यूज

सीहोर/ बुधनी/ शाहगंज. **सूबे सहित जिले में भी भारी बारिश का दौर बना हुआ है. हालांकि बुधवार को आसमान से आफत की बारिश नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन नर्मदा नदी व अन्य नदियों के उफान पर होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र आज भी शहरों से कटे रहे. नर्मदा नदी के नांदनेर पुल पर पानी बना होने के कारण सड़क संपर्क बहाल नहीं हो सका. वहीं शाहगंज क्षेत्र में भी कई गांवों का सड़क संपर्क शहर से टूटा हुआ है.**



**बुधनी.** बुधवार को भले ही बादलों ने आराम फर्माया और बारिश नहीं हुई, लेकिन नर्मदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है.

जिले में एक बार फिर जोरदार बारिश शुरू है. जिससे जिले की अधिकांश नदियां उफान पर बनी हैं. नर्मछा नदी के अलावा अन्य छोटी- छोटी नदियां व कुलांस नदी भी तेज बहाव के साथ बह रही है. जिससे गांवों की सड़कें पानी में डूबी हैं और ग्रामीण क्षेत्र से सड़क संपर्क टूटा हुआ है.

हमारे बुधनी संवाददाता ने बताया कि क्षेत्र में हो रही बारिश और निकटवर्ती बारना, तवा और बरगी बांध से छोड़े जा रहे पानी से नर्मदा का जलस्तर काफी बढ़ गया है. बुधनी तहसील के कई ग्राम जो निचले इलाकों में आते हैं जिनमें बाढ़ का पानी भरने की संभावना जताई जा रही थी जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और डूब क्षेत्र के इलाकों में कर्मचारियों की तैनाती की गई जिन रास्तों पर पानी भरने से आवाजाही प्रभावित होती है वहां पर्याप्त बल लगाया गया है जिसस जनहानि न हो. जनवासा, सोमलवाड़ा सूडानिया, चांचमऊ, के रास्तों पर एवं नांदनेर पुल के ऊपर पानी होने पर एहतियात बरतते हुए आवागमन बंद कर बेरिकेट्स लगाए गए हैं. पुलिस बल तैनात कर दिया गया है.

एसडीएम डीएस तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा सहित प्रशासनिक अमला रात भर क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए था तो बुधवार को भी प्रशासन का अमला नर्मदा तटीय गांवों में अलर्ट बना हुआ है.

बीती रात नर्मदा नदी का जलस्तर 960 फिट था जो आज सुबह 8 बजे तक 962 फिट दर्ज किया गया है. आज मौसम साफ होने और तवा बांध के गेट 6 गेट बन्द कर दिए हैं फिलहाल की स्थिति में 3 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है. आज शाम 6 बजे खबर लिखे जाने तक नर्मदा नदी का जलस्तर 962.80 खतरे के निशान से 1 फिट नीचे था. ओर बाढ़ग्रस्त इलाकों पर नजर बनाए रखें हुए हैं. मंगलवार रात से तवा डैम के गेट एक-एक करके बंद किए गए हैं. बुधवार सुबह 8 बजे तक 3 गेट खुले हैं. पहले ये 9 गेट 7-7 फीट तक खुले थे. इसी तरह बरगी डैम के 15 और बारना डैम के 8 गेट अब भी खुले हुए हैं. जिससे नर्मदा का जलस्तर बढ़ने की संभावना बनी है.

### खेतों में कुलासं नदी का पानी भराया

राजधानी भोपाल के बड़े तालाब का पेट भरने वाली कुलासं नदी भी अनवरत बारिश के चलते उफान पर बनी है. बुधवार को कुलांस नदी का जलस्तर कम तो हुआ, लेकिन फिर भी सड़कों पर इतना पानी भरा है कि वहां से निकल नहीं पा रहे. इसके अलावा खेतों में नदी का पानी भरा होने से फसलों के नुकसान होने का खतरा बढ़ गया है. इसी तरह सीवन नदी के कर्बला पुल के ऊपर से भी पानी बहने के कारण आवाजाही को बंद करने बैरीकेटस लगाए गए हैं.

### शाहगंज में भी कई गांवों का सड़क संपर्क टूटा

**शाहगंज.** क्षेत्र में भी नर्मदा का जलस्तर बढ़ रहा है. बुधवार की शाम 6 बजे तक नर्मदा जल में बढ़ोत्तरी होती देखी गई. रेस्ट हाउस घाट पर नर्मदा जी का जल दुर्गा मंदिर से लगा हुआ है. नर्मदा नदी में बाढ़ के चलते जहानपुर एवं हिरानी के बीच बहने वाली चांदनी नदी में नर्मदा का बैक बटन आने के कारण खेतों में नर्मदा का जल प्रवेश कर गया है, जिससे चारों ओर के खेत जलमग्न हो गए हैं. शाहगंज से निकले नर्मदा पथ स्थित कछिया नाले पर एक फिट पानी बह रहा है जिससे नांदिया वाली माता मार्ग पूर्ण रूप से बंद है. यहां पर भी खेतों में नर्मदा का जल घुस गया है जिससे खेत जलमग्न हो गए हैं और फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है. इसके अलावा नांदनेर से कुसुमखेड़ा मार्ग और जनमासा मार्ग भी पूरी तरह बंद है. खेतों में पानी भरा होने से किसान चिंतित बना है. हमारे भैरूंदा संवाददाता का कहना है कि नर्मदा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहकर नर्मदा तटीय गांवों पर नजर बनाए हुए है. प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की जा रही है और नदी से दूर रहने को कहा जा रहा है.

## थाने में मुस्लिम समाज ने दिया धरना

**आष्टा.** मंगलवार को सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूली छात्रों के बीच हुई मामूली कहासुनी अब साम्प्रदायिक रंग लेने लगी है. बुधवार को मुस्लिम समाज के दर्जनों लोग बड़ी संख्या में थाने पहुंचे और हिंदू संगठनों के नेताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए. मंगलवार को विद्यालय में हुए छात्रों के बीच विवाद को लेकर हिंदू संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया गया था. जिसमें कथित तौर पर मुस्लिम छात्रों पर हमला करने, गाली गलौज और मारपीट करने के आरोप लगाए गए थे. इस घटना के विरोध में बुधवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने थाना परिसर में विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्कूल में छात्रों के बीच हुई कहासुनी के बाद कुछ हिंदू संगठनों के नेताओं ने छात्रों के साथ मारपीट और अभद्र भाषा का प्रयोग किया. जिसके बाद पूरे समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया है. उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई और प्रकरण दर्ज न होने तक आंदोलन जारी रहेगा. पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है. थाना परिसर में भारी भीड़ और गहमागहमी को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और मामले को सांप्रदायिक रंग न देने की अपील की है. इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है. सभी पक्षों की शिकायतें ली गई हैं. निर्दोष को नहीं फंसाया जाएगा और दोषियों को बख्शेंगे नहीं.

## धोखाधड़ी के तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** पुलिस ने धोखाधड़ी कर एक साल से फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों द्वारा समूह लोन में 52 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई थी. आरोपी लोन धारकों द्वारा रिसिप्ट मांगने पर फर्जी रिपेमेंट स्लिप थमा दिया करते थे.

जानकारी के अनुसार 4 मई 24 को आवेदिका सीमा पंवार पति रुपसिंह पंवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एसवीसीएल फाईनेंस कंपनी का मैनेजर दुर्गेश मेहरा तथा फील्ड अधिकारी प्रवीण ठाकुर, राजकुमार द्वारा ऋण के रुपए गबन कर फरार हो गए. पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 420,409,34 में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी. थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में टीम द्वारा एक साल फरार आरोपी दुर्गेश मेहरा आ. केदार सिंह मेहरा निवासी ग्राम बमोरी घाट तहसील जिला नरसिंहपुर, प्रवीण ठाकुर आ. गजराज सिंह ठाकुर निवासी ग्राम जसमत, राजकुमार ठाकुर आ. हरिनारायण ठाकुर निवासी ग्राम उदयपुर थाना सिद्धीकगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया. प्रकरण के मुख्य आरोपी दुर्गेश कुमार मेहरा का पुलिस रिमांड लिया जाकर पूछताछ की जा रही है. इस कार्यवाही में उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक लोकेश रघुवंश की भूमिका रही है.

# तीर्थयात्रियों का टवेरा वाहन पलटा, 11 गंभीर घायल

- अमरावती से उज्जैन दर्शन करने जा रहे तीर्थयात्री
- सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में कराया भर्ती

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऊंचाखेड़ा के पास महाराष्ट्र के अमरावती से उज्जैन महाकाल दर्शन करने जा रहे यात्री सड़क हादसे का शिकार हो गए.

बुधनी के नजदीक ग्राम ऊंचाखेड़ा के पास रोड़ पर टवेरा वाहन पलट गया.लोगों ने घटना की जानकारी डायल 100 को दी सभी घायल लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया. घटना बुधवार सुबह करीब 11.45 के आसपास की बताई जाती है. हादसे के बाद एक स्थानीय व्यक्ति की सूचना पर डायल 100 मौके पर पहुंची. सभी घायलों को सिविल अस्पताल भेजा. जिसमे तीन महिलाएं गंभीर घायल हैं. मामले में पुलिस जांच कर रही है, सभी यात्री महाराष्ट्र के अमरावती वरुढ़ के रहने वाले हैं.

टवेरा कार सड़क से नीचे तीन पलटी खाकर सीधी हो गई थी. इसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई. जिसमें आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला. हादसे में गंभीर घायलों में 60 वर्षीय गीताबाई पत्नी देवीदास निवासी नागझिरी तहसील वरुढ़ जिला अमरावती, 22 वर्षीय तासी विनोद पांचपुर पुत्री विनोद, 70 वर्षीय इंदुबाई पत्नी रामदास निवासी इनापुर तहसील मोरसी जिला अमरावती, 60 वर्षीय शीला राउत पत्नी ओमकार राउत, निवासी वरुढ़ जिला अमरावती, 65 वर्षीय इंदुबाई पत्नी प्रहलाद राव, निवासी नागझिरी जिला अमरावती महाराष्ट्र शामिल हैं. बाकी अन्य 6 लोगों को मामूली चोट आई है.



# कीटनाशक विक्रेताओं ने मार्च निकाल जताया विरोध

- कृषि विभाग और जिला प्रशासन को दिया ज्ञापन
- कंपनी की जगह विक्रेता पर कार्रवाई को लेकर आक्रोश

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** केंद्रीय कृषि मंत्रालय के द्वारा जबरन थोपे जा रहे कानून और विभिन्न मांगों के निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में बुधवार को जिले के खाद बीज कीटनाशक दवाइयां के विक्रेता एकजुट दिखाई दिए.




जिला कृषि आदान विक्रेता संघ के बैनर के साथ खाद, बीज, कीटनाशी दवाईयों के विक्रेताओं ने पहले भोपाल नाके से कलेक्ट्रेट तक फिर कृषि उपसंचालक कार्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर सरकार के नियमों के विरुद्ध हल्ला बोल प्रदर्शन किया

जिला कृषि आदान विक्रेता संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुनील राठी के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर आनंद राजावत को दिया गया. इसके बाद सभी विक्रेता कृषि उपसंचालक कार्यालय पहुंचे और यहां पर भी ज्ञापन दिया गया.

कृषि आदान विक्रेता संघ अध्यक्ष सुनील राठी ने बताया कि कपंनियों द्वारा कीटनाशक दवाईयां बेस्ट ऑफ प्रेक्सटिस के अनुसार बनाई जाती है, जबकि किसानों द्वारा उक्त दवाईयों को अपनी सुविधा के अनुसार उपयोग में लाया जाता है. जिसके कारण उक्त दवाईयों के अच्छे रिजल्ट भी नहीं मिल पाते है, इसका जिम्मेदार भी हम विक्रेताओं को ही ठहराया जाता है. किसी कंपनी का एक कोई प्रोडक्ट का किसी विशेष लॉट नम्बर का सैम्पल फेल होने की दशा में केवल उक्त सैम्पल फेल उत्पाद का एवं उक्त लॉट नम्बर को प्रतिबंधित करना तो नियमानुसार है लेकिन उस विक्रेता का लायसेंस निरस्त करना न्याय के विरुद्ध है. अगर ऐसी कार्रवाई जारी रही तो वह आंदोलन करेंगे.

## सड़क पर मगरमच्छ देख घबराया बाइक सवार

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** नगर में बीती रात बुधनी घाट स्थित मजार के पास बनी सड़क को पार कर खेत में जा रहे मगरमच्छ को देखकर बाइक सवार युवक घबरा कर गिर पड़ा. जिसमें बाइक सवार युवक के पैर में चोट आई. इस दौरान खेत में मगर होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. लोगों की भीड़ मगरमच्छ को देखने पहुंच गई.

मामले की जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी गई जिसमें वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. लेकिन अंधेरा होने पर मगर को पकड़ा नहीं जा सका. दूसरे दिन सुबह से स्थानीय लोगों ने मगरमच्छ की तलाश की लेकिन मगरमच्छ नहीं मिला. वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. प्राप्त जानकारी अनुसार बुधनी घाट निवासी राजू रैना ने बताया कि उसके द्वारा बब्बर वीआईपी कालोनी से लगे खेत में कृषि कार्य करता है.

अभी कुछ दिनों से आसपास रहने वाले लोगों ने खेत में भरे पानी में मगरमच्छ को देखा गया. उसकी लंबाई करीब चार फीट बताई गई है जिसकी लोगों ने फोटो भी ली थी. बीती रात करीब 8 बजे 15 वर्षीय रोनित रैना घर से दूध लेने के लिए निकला था. तब मजार के पास सड़क पर सामने से मगरमच्छ को देखकर घबरा गया और बाईक से गिर पड़ा. इसमें उसके पैर में चोट लगी. वहीं मगरमच्छ सड़क पार कर खेत में भरे पानी में चला गया.

**आयोजन** बीती रात से शहर में चल रहा जन्मदिन का जश्न, नपाध्यक्ष को बधाई देने लगा तांता

# नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस ने 101 पौधे रोपते हुए मनाया अपना जन्मदिन

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** शहर के विकास और जनहित में सभी की सेवा में तत्पर रहने वाले नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर का जन्मदिन बुधवार को धूमधाम से मनाया गया.

नपाध्यक्ष श्री राठौर सर्वप्रथम प्राचीन गणेश मंदिर पहुंचे और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की. वहीं चाणक्यपुरी स्थित गौदन सरकार धाम, गंज स्थित करोली माता मंदिर, हनुमान फाटक सहित अन्य मंदिरों में भगवान का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र में उनके समर्थकों के द्वारा 101 पौधे लगाकर जन्म दिन मनाया. दोपहर बारह बजे शहर के बस स्टैंड पर पहुंचे. जहां पर हजारों कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि सबके जीवन में एक ऐसा स्वर्णिम अवसर आता है जिसमें सेवा भावना से कोई कार्य किया जाए तो इससे बड़ा पुण्य नहीं है. सबके सहयोग से शहर को देश के अग्रणी शहरों में से एक बनाया जाएगा. नगर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी.

उन्होंने कहा कि गत दिनों क्षेत्र को करोड़ों रुपए की सौगात देने आए सीएम डॉ. मोहन यादव और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यहां औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा. सीहोर को भोपाल के उपनगर के रूप में विकसित किया जाएगा. भोपाल से सीहोर को लाइट मेट्रो के माध्यम से भोपाल से जोड़ा जाएगा. यहां के प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर को भी श्री महाकाल महालोक की तरह विकसित किया जाएगा. हमारे शहर की तस्वीर बदलने के लिए आप लोगों का सहयोग जरूरी है. शहर के विकास में सभी की भागीदारी जरूरी है.

गत दिवस से ही जन्म दिन को लेकर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था. इसमें रक्तदान शिविर और विकास की वाटिका, पौधारोपण का आयोजन था. वहीं बुधवार को पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और रुद्राभिषेक, पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया. इसके बाद वह बस स्टैंड स्थित कार्यालय में पहुंचे. जहां पर क्षेत्रवासियों ने स्वागत कर अभिनंदन किया.



नपा सीएमओ सुधीर सिंह सहित नपा अमले ने नपाध्यक्ष श्री राठौर को बधाई दी. इसके अलावा जिले भर से नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर को जन्मदिन की बधाई देने के लिए आने वालों का तांता देर शाम तक बना रहा.

## छापामार कार्यवाही में की अवैध शराब जब्त

**बुधनी.** थाना शाहगंज एवं बुधनी पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में अवैध शराब बरामद कर आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की. कार्यवाही के दौरान शाहगंज पुलिस ने आरोपी रोहित आ. शिवचरण अहिरवार निवासी हरिजन मोहल्ला के पास से 6 लीटर से अधिक अवैध देशी शराब बरामद की. वहीं दूसरे मामले में आरोपी कमल सिंह ठाकुर आ. मोहन सिंह ठाकुर निवासी ग्राम सुडानिया से 5.22 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई. इसी प्रकार बुधनी पुलिस द्वारा बाबूजी ढाबा पर की गई कार्रवाई में आरोपी हरीश मंसोरिया आ. नरेश मंसोरिया निवासी न्यू कॉलोनी के पास से लगभग 30 लीटर अवैध शराब बरामद करने की कार्यवाही की है.